महत्वपूर्ण एवं खास

01 जुलाई से लागू हो रहे नवीन कानूनों के संबंध में कार्यशाला 29 जून को

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से होगी कार्यशाला

रायगढ़। 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाली भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला 29 जून 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिसकी लिंक पृथक से उपलब्ध कराई जाएगी। जिला मुख्यालय में उपस्थित अधिकारीगण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भी उपस्थित हो सकते हैं। इस कार्यशाला में ऑनलाईन अथवा भौतिक रूप से होना अनिवार्य है। सभी राजस्व अधिकारीगण कार्यशाला के माध्यम से उपरोक्त कानूनों के संबंध में सभी शंकाओं का समाधान करते हुए पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

बाढ़ आपदा से निपटने हेतु प्रारंभिक प्रशिक्षण 29 जून को

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में मानसून-2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु प्रारंभिक प्रशिक्षण 29 जून 2024 को प्रात: 7 बजे से केलो डेम लाखा, रायगढ़ में किया जाएगा।

जिले में 102.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 28 जून तक 102.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 4.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 177.7 मिली मीटर, पुसौर में 192.7, खरसिया में 83.7, घरघोड़ा में 114.7, तमनार में 61.8, लैलूंगा में 125.7, मुकडेगा में 114.2, धरमजयगढ़ में 23.9, छाल में 100.2 एवं कापू में 26.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

सारंगढ़ में युवाओं को वायुसेना के अधिकारी देंगे कैरियर मार्गदर्शन

1 और 2 जुलाई को होगा कार्यशाला

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर धर्मेश साहू के पहल पर भारतीय वायुसेना भर्ती कार्यालय भोपाल के द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के शैक्षिक संस्थानों में भारतीय वायुसेना भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इस कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में इच्छुक युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए वायु सेवा ने अपील किया है जिससे युवा अपने कैरियर का लाभ उठा सकते हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 जुलाई 2024 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी में सुबह 10 बजे से और दोपहर 1 बजे से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 2 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से शासकीय आईटीआई चंदाई सारंगढ़ में और दोपहर 1 बजे से शासकीय लोचन प्रसाद पांडेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सारंगढ़ में कैरियर मार्गदर्शन किया जाना निश्चित है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम ने प्रदान की है।

कलेक्टर गोयल की उपस्थिति में प्री.बीएड एवं प्री.डीएलएड प्रवेश परीक्षा की सृजन सभाकक्ष में की गई ब्रीफिंग

❒ निर्धारित प्रक्रिया का करें पालन, समय का रखें विशेष ध्यान-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

रायगढ़

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 30 जून को आयोजित होने वाले प्री.बीएड एवं प्री.डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में सृजन सभाकक्ष में ब्रीफिंग की गई।

आयोजित व्यापम परीक्षा हेतु नियुक्त आब्जर्वर एवं केंद्राध्यक्षों के ब्रीफिंग सत्र में कलेक्टर गोयल ने कहा कि यह परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। अत: सभी केंद्रों में व्यापम द्वारा निर्धारित मापदंड एवं प्रक्रिया का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा में समय का विशेष ध्यान रखते हुए किसी भी स्थिति में समय को लेकर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि पेपर ओपन करने, पंचनामा, हस्ताक्षर व समय जैसे प्रक्रिया का पालन करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर गोयल ने कहा कि व्यवसायिक परीक्षा मंडल अच्छे से कार्य कर रहा है। हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि परीक्षा को बेहतर तरीके से संपन्न कराए।

डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी महेश शर्मा ने सभी को पारदर्शी परीक्षा करवाने के साथ सभी को निर्धारित समयावधि का ध्यान रखने को कहा। इसके साथ ही समय से पूर्व परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों की उपस्थिति हेतु गेट पर जिम्मेदार व्यक्ति की ड्यूटी लगाने को कहा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के संचालन हेतु आब्जर्वर, केंद्राध्यक्ष, उडऩदस्ता दल की नियुक्ति कर दी गई हैं।

उल्लेखनीय हैं कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 30 जून 2024 को दो पाली में प्री.बीएड एवं प्री.डीएलएड परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक बीएड एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 से शाम 4.15 बजे तक डीएलएड की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसमें रायगढ़ जिले के अंतर्गत प्रात: की पाली में 52 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। जिसमें 15,953 परीक्षार्थी पंजीकृत है। इसी तरह द्वितीय पाली में 74 परीक्षा केंद्रों में 21,308 परीक्षार्थी पंजीकृत है। उक्त परीक्षा केंद्रों के लिये जिला स्तर एवं समन्वयक संस्था से केन्द्रवार 02 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। सभी परीक्षार्थी अपने लिये निर्धारित परीक्षा केंद्र को पूर्व में जाकर अवलोकन कर सही परीक्षा केन्द्र पर बैठना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, प्राध्यापक आनंद शर्मा, एपीसी भुनेश्वर पटेल, प्राचार्य राजेश डेनियल सहित आब्जर्वर एवं केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

बनाए गए नोडल अधिकारी- कलेक्टर गोयल ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ महेश शर्मा मोबा.नं. 7746859383 को नोडल अधिकारी एवं भुवनेश्वर पटेल एपीसी समग्र शिक्षा मोबा. नं.7000081311 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

36 दिव्यांग परीक्षार्थी होंगे शामिल- 30 जून को आयोजित प्रात: की बीएड परीक्षा में 14 दिव्यांग परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें 10 परीक्षार्थी स्वयं सह लेखक लेकर आयेंगे, 04 परीक्षार्थी की लेखक व्यवस्था व्यापम से केंद्राध्यक्ष द्वारा की जायेगी। इसी तरह शाम की डीएलएड परीक्षा में 22 दिव्यांग परीक्षार्थी शामिल होंगे जिसमें 14 परीक्षार्थी स्वयं सह लेखक लेकर आयेंगे, जबकि 08 परीक्षार्थियों के लिये सह लेखक की व्यवस्था व्यापम से केंद्राध्यक्षों द्वारा की जायेगी। ज्ञात रहे सह लेखक पात्रता परीक्षा में बीएड परीक्षा के लिये वर्तमान वर्ष में 10 वी पास कक्षा 11 वीं या 12 वीं अध्ययनरत एवं डीएलएड परीक्षा में कक्षा 08 वी पास कक्षा 09 वी एवं 10 वी अधध्यनरत विद्यार्थियों को पात्रता होगी।

पहचान पत्र लाना आवश्यक- मंडल द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार सभी परीक्षार्थियों को फोटो युक्त पहचान पत्र, व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र और बाल पॉइंट पेन लेकर आना अनिवार्य होगा, सभी परीक्षार्थियों को आधे घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी।

श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं की जानकारी हेतु आयोजित हो रहे शिविर

रायगढ़

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं असंगठित कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत असंगठित क्षेत्र एवं निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों के पंजीयन/नवीनीकरण एवं योजनाओं के आवेदन हेतु जिले के विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं निर्माण स्थलों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के माध्यम से श्रमिकों को पंजीयन एवं योजना संबंधी जानकारी प्रदाय किया जा रहा है। शिविर की जानकारी पूर्व में ही संबंधित ग्राम पंचायत को दिया जाकर मुनादी कराया जाता है। निर्माण कार्य में लगे एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक शिविर हेतु नियत तिथि को आवश्यक दस्तावेज यथा श्रमिक एवं परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड, श्रमिक का खाता विवरण (पासबुक), मोबाइल नंबर ओटीपी हेतु, लाइव फोटो एवं स्व-घोषणा प्रमाण पत्र एवं असंगठित हेतु सरपंच/पार्षद द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र सहित उपस्थित होकर पंजीयन/नवीनीकरण एवं योजना आवेदन करा सकते है। कोई श्रमिक शिविर में आवेदन नहीं कर पाता है तो वह अपने नजदीकी च्वाईस सेंटर, जनपद पंचायत स्थित श्रम संसाधन केन्द्र या स्वयं मोबाइल पर श्रमेव जयते एप के माध्यम से आवेदन कर सकते है। पंजीयन उपरांत हितग्राही श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजना यथा मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना एवं अन्य सामग्री मूलक योजनाओं में पात्रतानुसार लाभ प्राप्त कर सकते है।

टीबी मरीजों को फूड बास्केट का किया गया वितरण

❒ ग्रामीणों को किया गया जागरूक, टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आज सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में टीबी बीमारी से मुक्त रहने को लेकर विकासखण्ड धरमजयगढ़ के टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार फूड बास्केट का वितरण स्कैनिया स्टील एंड पावर लिमिटेड पूंजीपथरा, घरघोड़ा के द्वारा किया गया।

स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में टीबी उन्मूलन हेतु वर्ष 2025 का लक्ष्य रखा गया है जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों के द्वारा निर्धारित समय-सीमा 2030 से पांच वर्ष पहले है। शासन द्वारा राज्य को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है। जिसका लाभ स्थानीय ग्रामीण उठा पा रहे है। टीबी से ग्रसित लोगों के बीच फूड बास्केट का वितरण करते हुए टीबी बीमारी को लेकर जागरूक किया गया है। टीबी से लडऩे के लिए दवा के अलावा पोषण युक्त खाद्य पदार्थो का सेवन भी जरूरी है। यह बीमारी अब लाइलाज नहीं है। इसका इलाज अब संभव है। जरूरत है तो सिर्फ लोगों को जागरूक होने कि अगर किसी प्रकार का लक्षण दिखाई दें तो व्यक्ति अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर इसका नि:शुल्क इलाज करा सकते है।

इस अवसर पर स्कैनिया कंपनी के राकेश चंद्रा एवं अन्य स्टाफ तथा जिला कार्यालय से डॉक्टर जय कुमारी चौधरी जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी, डॉ बी.एल भगत खंड चिकित्सा अधिकारी धर्मजयगढ़, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, सुरेश कुमार गुप्ता जिला कार्यक्रम समन्वयक, भास्कर देवांगन बीपीएम, आनंद कुमार मिरी लेखा प्रबंधक, फिरतू राम सिदार, चंद्र विजय रथीया उपस्थित रहे।

स्वस्थ गांव की परिकल्पना- पंचायत राज संस्थाओं द्वारा सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु 'स्वस्थ गांव' की परिकल्पना की गई है, जिस हेतु जिले के ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान भारत-हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर द्वारा ग्राम पंचायतों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में संयुक्त प्रयास किए जा रहे है। वर्तमान में इस प्रयासों को प्रतिवर्ष मान्य संकेतकों को मापने एवं सत्यापन कर टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने हेतु नई पहल शुरू की गई है।

जल जीवन मिशन का कार्य महत्वपूर्ण, लाए प्रगति -कलेक्टर गोयल

❒ अपूर्ण कार्यों की कार्यवार सूची बनाने एवं प्रगति रिपोर्ट फोटो सहित उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

❒ कलेक्टर गोयल ने जल जीवन मिशन कार्य प्रगति की समीक्षा

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत जल जीवन मिशन के कार्यों के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि जल जीवन मिशन का कार्य जनसामान्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें आवश्यक प्रगति लाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कुल 131 ग्रामों हेतु प्रस्तावित तीन समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा की। जिस पर ईई पीएचई ने बताया कि विकासखंड रायगढ़ अंतर्गत भेलवाटिकरा संबलपुरी समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत 29 ग्रामों को केलो डेम रायगढ़ से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार विकासखंड पुसौर में कलमा-कोड़ातराई समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत 48 ग्रामों को कलमा बैराज महानदी तथा तमनार अंतर्गत तमनार समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत 54 ग्रामों को केलो डेम रायगढ़ से पेयजल प्रदाय की जाएगी। जिस पर कलेक्टर ने योजना के प्रगति की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने क्रेडा के कार्यों की समीक्षा की। विभागीय अधिकारी ने बताया कि 385 स्वीकृत योजनाओं में स्वीकृत 616 सोलर पंप संख्या है। जिसमें 90 प्रगतिरत है। कलेक्टर गोयल ने प्रगतिरत 90 कार्यों विलंब की जानकारी लेते हुए कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभागीय अधिकारी ने 74 सिंगल विलेज योजना एवं एक सोलर आधारित नल जल प्रदाय एवं 56 रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना कुल 131 प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं में सोलर पंप की लागत में वृद्धि होने के कारण पुनरीक्षित योजना तैयार की गई है। जिसका जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के द्वारा पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु चर्चा एवं अनुमोदन के लिए रखा गया। जिस पर कलेक्टर गोयल ने विस्तृत समीक्षा करते हुए अंतर राशि संबंधी जानकारी ली।

कलेक्टर गोयल ने आईएसए के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि उक्त संस्थाएं बेहतर कार्य नहीं कर रही है। उन्होंने आईएसए के कार्यों की मॉनिटरिंग व्यवहारिक न करके डाटा मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो संस्थाएं कार्य नहीं कर रही उन पर उचित कार्यवाही करें। कलेक्टर गोयल ने हैंडओवर कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि यूजर चार्ज प्रारंभ किया जाए। उन्होंने उच्च स्तरीय जलागार के निर्माण के संबंध समीक्षा करते हुए अप्रारंभ कार्यों को 15 दिवस में प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, उपसंचालक कृषि अनिल वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एल.आर. कच्छप, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी. जी.कुलवेदी, जिला प्रभारी क्रेड़ा विक्रम वर्मा, ईई केलो प्रोजेक्ट मनीष कुमार गुप्ता, रमाशंकर कश्यप, उप वनमंडलाधिकारी घरघोड़ा के.पी.डिंडोरे, एल.एल.चौहान, व्ही.के.गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

रोज स्कूल आए और मन लगाकर करें पढ़ाई-डीईओ बाखला

रायगढ़

जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला विकासखंड खरसिया के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानीसागर के निरीक्षण में औचक रूप से पहुंचे। इस दौरान विद्यालय में प्रवेश उत्सव हेतु आवश्यक तैयारी कर ली गई थी, नवागंतुक बच्चों को तिलक-रोली लगाकर उनका स्वागत कराया जा रहा था। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा नव आगंतुक बच्चों के माथे पर तिलक रोली लगाकर उनका विद्यालय में स्वागत किया गया। सभी छात्रों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा स्वयं के हाथ से किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री महोदय के संदेश का वाचन कर सभी छात्रों को सुनाया गया साथ ही उन्हें नए शैक्षणिक सत्र की बधाई देते हुए ध्यान लगाकर लगन से अध्ययन करने का संदेश दिया गया।

इंस्पायर अवार्ड हेतु राज्य स्तर पर चयनित मॉडल निर्माण करने वाली कक्षा 8 वीं की छात्रा अंजली नगेशिया को उनके मॉडल के लिए बधाई एवं शुभकामना देकर प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार स्वरूप जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा अपनी कलम छात्रा को भेंट की गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विकास खण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक प्रदीप कुमार साहू उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य अधिकारी ने ली बैठक, मातृ-मृत्यु के संबंध में हुई विस्तृत चर्चा

रायगढ़

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मातृ-मृत्यु की समीक्षा की गई। जिसमें महिला बाल विकास के समस्त जिला नोडल अधिकारी डॉ. बी.पी. पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, आरएमएनसीएचए सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा, विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, एवं महिला एवं बाल विकास के सुपरवायजर, संबंधित क्षेत्र के आर.एचओ महिला/पुरूष, उपस्थित रहें।

बैठक में मृत गर्भवती महिलाओं की किन कारणों व किस कमी की वजह से इनकी मृत्यु हुई इनके बारे में गहनता से बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में गर्भवती महिलाओं का एनीमिक होना व एनीमिक पाये जाने पर उनका सही ढंग़ से फालोअप लेना जैसे-आयरन व कैल्शियम की दवा का फालोअप करना, सही ढ़ंग़ से प्रत्येक एएनसी जांच पर उनका हीमोग्लोबिन, बी.पी, यूरिन शूगर, यूरिन एल्बुमिन की जांच का सही रिपोर्टिंग करना, सही वजन लेना, जिस महिला का हाई रिस्क हो तो उनका समय समय पर फालोअप करना, उनके प्रसव से संबंधित पुराने रिकार्ड की समीक्षा करते हुए उनकी जांच पर विशेष ध्यान देने के लिये व प्रशासनिक रूप से सभी खंड चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सा अधिकारी में होने तक मितानिन एएनएम, द्वारा गृह भेंट 1, 3, 7, 14, 28 ,42, 90 दिन तक घर में जाकर उनके स्वास्थ्य के बारें में विस्तृत जानकारी लेने हेतु निर्देश दिए गए। ततपश्चात् स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास के साथ संयुक्त रूप बैठक संपादित की गई।

जिसमें गंभीर कुपोषित बच्चों को शिशु विशेषज्ञ की सहायता से बच्चों का चिन्हाकन कर एनआरसी सेंटर में रिफर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कुपोषित बच्चों के माता पिता का काउंसिलिंग कर इलाज करवाने हेतु व दोनो विभाग मिलकर समन्वय स्थापित कर लक्ष्य प्राप्ति करने हेतु निर्देशित किया गया।

सुने मकान से रुपए चुराने वाला अपचारी बालक और युवक गिरफ्तार, आरोपियों से 7,800 रुपए बरामद

❒ खरसिया पुलिस ने चंद घंटों में आरोपियों को किया गिरफ्तार और चोरी की सारी संपत्ति की बरामद

रायगढ़

दिनांक 27/06/ 24 को थाना खरसिया में ग्राम चपले निवासी जानकी बाई पटेल पति शिवलाल पटेल उम्र 40 वर्ष द्वारा थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू को उसके सुने मकान में चोरी की घटना बताई। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दिनांक 25/06/24 से 27/06/24 के मध्य रिश्तेदारी के यहां मेहमानी में गई थी, कल वापस घर आकर देखी थी तो कोई अज्ञात चोर घर के दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर घर के अलमारी को तोड़ा है और गुल्लक में रखा सिक्का एवं नोट कुल रु.7,800 को चोरी कर ले गया है। प्रार्थीया के रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

थाना प्रभारी खरसिया द्वारा माल मुल्जिम पतासाजी दौरान लगाये मुखबीरों से जानकारी लिया गया जिसमें मुखबीर ने गांव के मुन्नू उर्फ मूनू मराठा एवं उसके साथी पर चोरी का संदेही जाहिर किया। तत्काल खरसिया पुलिस की टीम ने संदेही युवक एवं उसके नाबालिग साथी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। दोनों संदेही ने जानकी पटेल के घर चोरी करना स्वीकार किये। आरोपी मुन्नू उर्फ मूनू मराठा पिता पितांबर उम्र 20 वर्ष निवासी रामनगर चपले तथा एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक के मेमोरेंडम पर चोरी गये गुल्लक के रु.7,800 (रु.2100 का सिक्का एवं नोट) को बरामद कर जप्त किया गया है। खरसिया पुलिस ने चोरी की घटना पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुये चंद घंटों में आरोपियों को गिरफ्तार कर शत प्रतिशत मशरूका की बरामदगी कर आरोपित को सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू के हमराह सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर धृतांत, आरक्षक प्रदीप तिवारी, विशोप सिंह की विशेष भूमिका रही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480